दिनांकः 14.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने युवा और खेल क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद किया–कहा–युवाओं को आगे बढ़ाने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- सेना दिवस के उपलक्ष्य में कल जयपुर में आर्मी परेड और शौर्य संध्या कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा–यातायात में आज से बदलाव।
- देशभर में आज मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही पवित्र सरोवरों में श्रद्धालु स्नान कर दान–पुण्य कर रहे हैं।
  और
- प्रदेश में सर्दी का दौर जारी–विभिन्न ज़िलों में कोहरे से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा हमारे राज्य के विकास का इंजन हैं। वह सिर्फ भविष्य के ही नहीं, बल्कि वर्तमान के भी निर्माता हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नेतृत्व करते हैं और अपनी मेहनत और लगन से देश और प्रदेश का नाम रोशन करते हैं। उनके द्वारा जीता गया हर एक पदक राष्ट्र और प्रदेश का सम्मान है। राज्य सरकार उन्हें आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री कार्यालय में युवा और खेल क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में खेल को नई दिशा देने के लिए राज्य सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के सफल आयोजन के साथ–साथ 17 नवीन खेलो इण्डिया केन्द्रों की स्थापना की गई है। खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस स्कीम शुरू की गई है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेताओं को 25 लाख रुपये तक का दुर्घटना और जीवन बीमा कवरेज उपलब्ध होगा।

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिहं आज नई दिल्ली में दसवें सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस समारोह में शामिल होंगे। सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस भारतीय सेना के पहले कमांडर–इन–चीफ फील्ड मार्शल के.एम करिय्यपा की विरासत और सेवा के स्मरण में प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता है। फील्ड मार्शल के.एम करिय्यपा आज ही के दिन 1953 में सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने सेवा, अनुशासन और देशभक्ति की मजबूत विरासत की नींव रखी।

भूतपूर्व सैनिक दिवस, राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 34 राज्य सैनिक बोर्ड और चार सौ 34 जिला सैनिक बोर्ड द्वारा देशभर में मनाया जाएगा।

000

सेना दिवस के उपलक्ष्य में कल जयपुर में आर्मी परेड और शौर्य संध्या कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान भारतीय सेना की आधुनिक सैन्य और युद्धक क्षमता का व्यापक

प्रदर्शन किया गया। स्वदेशी तकनीक से विकसित मिसाइल प्रणालियां, अत्याधुनिक टैंक, सैन्य वाहन, ड्रोन, एंटी एयर और एंटी टैंक हथियारों के माध्यम से सेना की सामरिक शक्ति को प्रदर्शित किया गया। ऑपरेशन सिंदूर की झांकी, ब्रह्मोस मिसाइल, हेलिकॉप्टर आधारित हथियार प्रणाली तथा रोबोटिक डॉग्स ने भविष्य की युद्ध रणनीतियों की झलक प्रस्तुत की।

परेड के पूर्वाभ्यास के चलते आज सुबह 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक एनआरआई चौराहा से बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहा तक सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा। स्थानीय निवासियों के लिए समानांतर मार्ग खुले रहेंगे। वहीं कल सवाई मानसिंह स्टेडियम में शौर्य संध्या कार्यक्रम आयोजित होगा। टोंक रोड, भवानी सिंह रोड, जनपथ, सहकार मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में यातायात दबाव के अनुसार डायवर्जन लागू किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल के आसपास कई मार्गों पर वाहन पार्किंग निषेध रहेगी। रोडवेज बसों का संचालन वैकल्पिक मार्गों से किया जाएगा। साथ ही 16 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की जयपुर यात्रा के मद्देनजर शहर में सुरक्षा और यातायात के विशेष इंतजाम किए गए हैं। इन आयोजनों के कारण कई प्रमुख मार्गों पर यातायात डायवर्ट रहेगा।

जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शहरवासियों से अपील की है कि 15 और 16 जनवरी को अनावश्यक रूप से प्रस्तावित यात्रा मार्गों और कार्यक्रम स्थलों की ओर न जाएं। अत्यावश्यक स्थिति में यातायात पुलिस द्वारा बताए गए वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें।

000

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों– एन.आई.टी. और भारतीय इंजीनियरिंग विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थानों में शैक्षणिक और अनुसंधान मानकों को उन्नत करने, शासन दक्षता और नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। श्री प्रधान ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी, विज्ञान, शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों की परिषद की 13वीं बैठक में ये बात कही। शिक्षा मंत्री ने इस बात पर बल दिया कि इन संस्थानों में दिए जाने वाले पाठ्यक्रम राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप और उद्योग–केंद्रित होने चाहिए।

श्री प्रधान ने संस्थानों को उभरते रोजगार भूमिकाओं और 21वीं सदी की आवश्यकताओं के आधार पर पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए एक उद्योग–नेतृत्व वाली पाठ्यक्रम समिति बनाने का भी सुझाव दिया।

000

देशभर में आज मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही पवित्र सरोवरों में श्रद्धालु स्नान कर दान–पुण्य कर रहे हैं। मकर संक्रांति सर्दियों के अंत और लंबे दिनों की शुरुआत का प्रतीक है। संकांति के पर्व को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राजधानी जयपुर में सुबह से ही पतंगबाजी का दौर शुरू हो गया है। लोग अपनी छतों पर पतंगबाजी करते नजर आ रहे हैं।

बीकानेर और माउंट आबू सहित सभी संभाग मुख्यालयों पर पतंग उत्सव मनाया जा रहा है। पतंगबाजी के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं में घायलों के त्वरित और बेहतर उपचार के लिए जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेंटर को हाई अलर्ट पर रखा गया है। अस्पताल प्रशासन ने आज और कल विशेषज्ञ डॉक्टरों की 24 घंटे विशेष ड्यूटी लगाने के निर्देश जारी किए हैं। इससे पहले कल बाजारों में पतंगों की जमकर खरीददारी हुई। मिठाइयों की दुकानों पर गुड और तिल से बनी गजक, फींणी और लड्डुओं की भी बिक्री हुई। आज शाम माघ कृष्ण एकादशी 3 बजकर 5 मिनट पर सूर्यदेव मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसी के साथ सूर्यदेव उत्तरायण हो जाएंगे और मलमास भी समाप्त हो जाएगा। विवाह, उपनयन, गृह प्रवेश सहित अन्य मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। भीलवाड़ा के मंदिरों में भगवान की प्रतिमा को भी पतंगो की झांकी से सजाया गया। भरतपुर में भी मकर संक्रांति पर्व धार्मिक उल्लास और परंपरागत रूप से मनाया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है।

000

प्रदेशभर में कल लोहड़ी का पर्व पारम्परिक श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंजाबी और सिख समाज की ओर से विभिन्न गुरुद्वारों में रात तक कीर्तन हुए, साथ ही दरबार भी सजाए गए। बाद में मूंगफली और रेवड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। जयपुर के राजापार्क स्थित गुरूद्वारे में भी लोहड़ी का पर्व मनाया गया। जिसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोहड़ी प्रज्ज्वलित कर प्रदेश की समृद्धि और उन्नति की कामना की। अजमेर के गुरु नानक सभा गंज गुरुद्वारा, तेग बहादुर सत्संग सभा, रामगंज सहित विभिन्न स्थानों पर सामूहिक रूप से लोहड़ी का पर्व मनाया गया। अग्नि में तिल के व्यंजन, मूंगफली, पॉपकॉर्न डाल कर खुशहाली की कामना की गई।

000

प्रदेश में तेज सर्दी का दौर जारी है। राज्य के 7 शहरों का रात का पारा 5 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। अलवर, फतेहपुर, दौसा, जैसलमेर, श्रीगंगानगर और नागौर में तेज सर्दी बनी हुई। उदयपुर, चित्तौड़गढ़ में सुबह कोहरा भी रहा। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में कहीं—कहीं पर शीत लहर और पूर्वी राज्य में कहीं कहीं हल्के से मध्यम कोहरा दर्ज किया गया। सवाईमाधोपुर जिले में भी सर्द हवाओं से ठिठुरन बनी हुई है। सर्दी के चलते आम जीनजीवन पर असर देखने को मिल रहा है।

000